जाता है। इससे उत्पादक को भी लाभ होता है।

सरलीकरण (Simplification) → यह भी विवेकीकरण का एक सिद्धान्त है। सरलीकरण का अर्थ उत्पादन की क्रियाओं को कम करने, कच्चेमाल तथा अर्द्धनिर्मित माल के आन्तरिक परिवहन को हर सम्भव कमी करने तथा उत्पादन प्रक्रिया में आवश्यक कम करने हेतु सरल बनाने से है।

यंत्रीकरण (Mechanization) → विवेकीकरण में प्रमापीकरण तथा विशिष्टीकरण तभी सम्भव हो सकता है जब उद्योग यन्त्रीकरण को अपनाता है। यन्त्रीकरण का अर्थ मानवीय श्रम के स्थान पर मशीनों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाता है। यन्त्रों के प्रयोग से उत्पादन में एकाएक काफी वृद्धि होती है। बड़े पैमाने पर यंत्रों का प्रयोग होने से मानव की कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है। जर्मनी, रूस, अमेरिका, फ्रांस आदि समस्त औद्योगिक देशों में उद्योगों का पूर्ण रूप से यंत्रीकरण कर दिया गया है। भारतवर्ष में भी इस ओर काफी प्रयास किया जा रहा है।

वैज्ञानिक प्रबन्ध (Scientific Management) → नए-नए साधन एवं प्रणाली का प्रयोग परम्परागत प्रणाली के स्थान पर वैज्ञानिक प्रबंध के आधार पर किया जाता है। परिणामस्वरूप श्रमिकों को उचित कार्य के लिए उचित पारिश्रमिक मिलता है साथ ही श्रमिकों पर कार्य का न्यूनतम भार पड़ता है जिससे कार्य क्षमता का ~~विकास~~ विकास



Scanned with CamScanner

होता है साथ ही श्रम पूँजी संघर्ष कम होते हैं। इस प्रकार विवेकीकरण के प्रबन्ध कार्य वैज्ञानिक आधार पर सम्पन्न होते हैं।

औद्योगिक अनुसंधान → (Industrial Research) नए-नए साधन तथा क्रियाओं की खोज विवेकीकरण का एक अनिवार्य अंग है। इसके लिए औद्योगिक अनुसंधानशालाएं स्थापित की जाती हैं जहाँ पर उद्योग के सभी अंगों के सम्बन्ध में आवश्यक प्रयोग होते रहते हैं। इससे उत्पादन व्यय कम होता है, माल की किस्म में सुधार होता है तथा श्रमिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

नियन्त्रण (Controle) → विवेकीकरण का यह सिद्धान्त है कि उत्पादन के समस्त साधनों पर नियन्त्रण रखना है। इस नियन्त्रण को स्थापित करने के लिए कितने ही प्रकार के साधन प्रयोग में लाए जाते हैं जैसे- क्रय-विक्रय पर नियन्त्रण रखना, वस्तु श्रम एवं पूँजी के अपव्यय को रोकना, उत्पादन की सीमा निर्धारित करना, श्रमिकों के कार्य पर नियन्त्रण रखना आदि।

संयोजन (Combination) → विवेकीकरण का एक प्रमुख सिद्धान्त संयोजन है। संयोजन का अर्थ छोटी-छोटी तथा अनार्थिक इकाइयों को एक शक्तिवान् औद्योगिक इकाइयों के साथ मिला देना है। इससे श्रमिक उपभोक्ता, उत्पादक और राष्ट्र सभी को लाभ होता है।

आधुनिकीकरण (Modernisation) → आधुनिकीकरण

Scanned with CamScanner

भी विवेकीकरण का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें अत्याधुनिक मशीनों व किसी भी मशीनों के आधार पर आधुनिक स्वचालित मशीनों का प्रयोग किया जाता है। विवेकीकरण के प्रमुख अंग के अन्तर्गत [illegible] को देखा जाता है।

राष्ट्रीयकरण (Nationalization) → विवेकीकरण का एक प्रमुख सिद्धान्त उद्योगों का राष्ट्रीयकरण भी है। जब किसी क्षेत्र में उद्योग का सही प्रकार विस्तार नहीं हो पाता है तो सरकार उसका राष्ट्रीयकरण कर लेती है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि विवेकीकरण के उपरोक्त सभी सिद्धान्त एक दूसरे से सम्बन्धित हैं। एक तत्व की सफलता दूसरे तत्व के लागू करने पर ही निर्भर करती है। उदाहरण के लिए बिना सरलीकरण के विशिष्टीकरण नहीं किया जा सकता है अथवा बिना आधुनिकीकरण किए स्वचालन नहीं हो सकता है। अतः उपरोक्त सारे सिद्धान्तों की सफलता पर ही विवेकीकरण सफल हो सकता है।

Sunil Kumar
4/5/2020

Scanned with CamScanner